प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे के पहले दिन 6 हज़ार 650 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर किये हस्ताक्षर : कहा– आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नॉलॉजी का हब बन रहा है उत्तर प्रदेश।
2. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जर्मनो में कई कंपनियों के शीर्षस्थ अधिकारियों से की मुलाकात : सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भारत–जर्मनी के संबंधों को और मजबूत बनाने पर हुई चर्चा।
3. मथुरा वृंदावन में रंगभरनी एकादशी को लेकर तैयारियां तेज : कल रात से शहर में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर लगेगी पूरी तरह से रोक। और
4. लुधियाना से दरभंगा जा रही डबल डेकर बस लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर अनियंत्रित होकर पलटो : हादसे में पांच की मौत, 16 लोग घायल।

————————

दो दिवसीय दौरे पर सिंगापुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले दिन 6 हज़ार 650 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तीन महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। ये निवेश ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में होंगे। इन

तीनों परियोजनाओं से 20 हजार से अधिक रोजगार भी सृजित होंगे। पेश है एक रिपोर्ट......

*मुख्यमंत्री द्वारा किए गए एमओयू के तहत यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय थीम आधारित टाउन शिप का विकास, दूसरी परियोजना में कानपुर–लखनऊ हाईवे पर लॉजिस्टिक्स पार्क का विकास और तीसरी परियोजना के तहत नोएडा–ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 40 मेगावाट आईटी पावर क्षमता वाला हाइपर स्केल डेटा सेंटर पार्क का निर्माण शामिल है। इसके अलावा सिंगापुर की एक वैश्विक निवेश कंपनी ने प्रदेश में 100 मेगावाट केडेटा सेंटर की स्थापना के लिए 8000 करोड़ रुपए का निवेश करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सिंगापुर दौरे के दौरान सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वॉग से भी मुलाकात की। बैठक के दौरान रणनीतिक साझेदारी के तहत निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, कौशल विकास और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर चर्चा की गई। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

मुख्यमंत्री ने सिंगापुर में प्रवासी भारतीयों से संवाद में कहा कि नया भारत दुनिया के अंदर अपनी ताकत दिखा रहा है और शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में खुद को स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि बीते 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत का प्रमुख प्रदेश बन गया है। श्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नॉलॉजी के हब के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश ने अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही आधुनिक टेक्नोलॉजी है। उसके एक नए हब के रूप में अपने आप को स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। आज भारत के अंदर 55 प्रतिशत एक्सप्रेस वे उत्तर प्रदेश के पास से है। भारत का रेल का सबसे बड़ा नेटवर्क उत्तर प्रदेश के पास से है भारत के अंदर सबसे ज्यादा सिटी में मेट्रो पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सेवा उत्तर प्रदेश के पास है और भारत के अंदर सबसे ज्यादा एयरपोर्ट भी*

*आज उत्तर प्रदेश के पास है और अभी अगले ही महीने उत्तर प्रदेश का इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर, यह जो भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा है, उसका उद्घाटन भी प्रधानमंत्री मोदी जी के कर कमलों से होने जा रहा है।*

————————

**उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में कई कंपनियों के शीर्षस्थ अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें राज्य में निवेश का आमंत्रण दिया। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश की मजबूत हो रही अर्थव्यवस्था से अवगत कराते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश 25 करोड़ उपभोक्ताओं का बड़ा बाजार है। दोनों प्रतिनिधिमंडल ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफेक्चरिंग के क्षेत्र में भारत–जर्मनी साझेदारी को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक सहयोग और निवेश का भरोसा दिलाया।**

————————

**सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना है। बाइट.....**

*ये जो कन्सेप्ट है, वो ये है कि जो श्रम कर रहा है, जो मेहनत कर रहा है, उसी को मुनाफा मिले, किसी सेठ को न मिले। अब आप भारत टैक्सी*

*का विचार क्यूं आया, ये जो आपने कहा ढेर सारी कम्प्लेंट्स आती थी, बीस प्रतिशत कट जाता था, कोई सर्टेनिटी नहीं थी, कोई सुरक्षा नहीं थी, जितनी भी कम्प्लेंट्स है वो, इसका निवारण क्या है, वो जो कंपनियां है, वो कंपनियां चलाने का उद्देश्य मालिक को धनी बनाना है, फर्क इतना है मालिक आप हो।*

भारत टैक्सी की अनूठी पहल सारथी दीदी का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से महिला यात्री अपनी यात्रा के लिए महिला चालकों का चयन कर सकती हैं। श्री शाह ने बताया कि भारत टैक्सी की सारथी महिलाओं को बीमा लाभ और आसान ऋण सुविधाएं मिलेंगी।

———————————

प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम गोधन समागम–2026 में पुरस्कार वितरित किए। श्री सिंह ने 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार और 49 दुग्ध उत्पादकों को नन्द बाबा पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके साथ ही निराश्रित गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 जनपदों के जिलाधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि यह समागम प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और गऊ आधारित उत्पादों के प्रयोग के लिए लोगों को जागरूक करेगा।

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने आज आजमगढ़ में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 45 लाख रुपये की लागत से निर्मित खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला के शुरू होने से बच्चों को नवाचार और वैज्ञानिक प्रयोगों के क्षेत्र में नई दिशा मिलेगी।

——————————

फतेहपुर के आकांक्षी ब्लॉक हथगाम में बच्चों के टीकाकरण की निगरानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए की जा रही है। जिलाधिकारी रविंद्र सिंह द्वारा विकसित किए गए इस एआई बेस्ड स्मार्ट वैक्सीनेशन ट्रैकिंग सिस्टम ऐप के सफल पायलट प्रोजेक्ट ने हथगाम में टीकाकरण की दर को 95 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि हथगाम ब्लॉक में मिली सफलता को

देखते हुए अब इस व्यवस्था को जल्द ही पूरे फतेहपुर जिले में विस्तार देने की तैयारी है। बाइट......

*एआई बेस्ड स्मार्ट टीकाकरण सिस्टम डेवलप किया था और उसको करीब 3 महीने पहले लागू करना शुरू किया था। उसमें अभी तक पिछले 3 महीने में हथगाम ब्लॉक में 1,000 से ज्यादा बच्चे एनरोल हो चुके हैं और उसमें से 95ः से ज्यादा बच्चों का हम टाइमली वैक्सीनेशन सुनिश्चित कर पाए हैं और एएनएमएस ने भी इसमें काफी अपना पॉजिटिव फीडबैक दिया है क्योंकि इससे उनका काम आसान हो गया है क्योंकि इसका अच्छा फीडबैक मिला है तो इसको हम धीरे–धीरे बाकी ब्लॉक्स में भी एक्सपेंड करेंगे।*

———————————

मथुरा वृंदावन में रंगभरनी एकादशी को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। नगर को 4 जोन और आठ सेक्टर में बांटा गया है। वहीं कल रात से शहर में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक रहेगी। पेश है एक रिपोट.......

*वृंदावन में 27 फरवरी को रंगभरनी एकादशी के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। परिक्रमा मार्ग सहित नगर के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे, वाच टावर, कंट्रोल रूमसे निगरानी की जाएगी। पांच कोसी परिक्रमा मार्ग पर भी सुरक्षा, चिकित्सा, साफ सफाई आदि के समूचे इंतजाम किए जा रहे हैं। ज़िलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि शहर के सभी होटलों को क्यूआर कोड वाले पैंपलेट दिए जाएंगे, जिन्हें स्कैन कर श्रद्धालुओं को मंदिरों के खुलने, बंद होने के समय, पार्किंग, उनके समीप के अस्पताल, निकटतम पुलिस सेवा की जानकारी हो सकेगी। उमर क़ुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

———————————

लुधियाना से दरभंगा जा रही डबल डेकर बस लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर आज दोपहर अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गये। गोसाईगंज इलाके में हुए इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 11 लोगों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

वहीं रामपुर के दढ़ियाल क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार चार छात्र ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गए। हादसे में तीन छात्रों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चौथा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

(समाप्त)